# किचऊ पुलिया पर पांच फीट पानी, तेंदूखेड़ा-तारादेही मार्ग बंद

**तारादेही/ तेन्दूखेड़ा, देशबन्धु।** दो जुलाई से लगातार बारिश का दौर जारी है जिसके चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शुक्रवार की सुबह से लेकर शाम तक कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश होती रही। वहीं गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात से शुरू हुई तेज बारिश के चलते कुछ मार्ग बंद हो गए। इसके कारण लोगों को परेशान होना पड़ा वहीं सड़कों पर पानी ही पानी नजर आता रहा कई सड़क जलमग्न हो गई। जानकारी के मुताबिक 30 जून से लगातार बारिश हो रही है लेकिन 2 जुलाई से बारिश ने अपनी तेज रफ्तार पकड़ ली है जो अभी भी जारी है।



**तारादेही तेन्दूखेड़ा मार्ग हुआ बंद दोनों और फंसे रहे वाहन और राहगीर**

वहीं शुक्रवार की सुबह पांच बजे तेन्दूखेड़ा तारादेही मार्ग पूरी तरह से दोपहर तीन बजे तक बंद हो गया। इस मार्ग पर तारादेही और जेतगढ़ के समीप पड़ने वाली किचऊ की पुलिया डूब जाने से दोनों और वाहनों की लाइन लग गई। पुलिया पर सुबह दस बजे तक पांच फुट से अधिक पानी होने के चलते मार्ग पूरी तरह बंद रहा। इस मार्ग से तेन्दूखेड़ा जबलपुर, देवरी, महाराजपुर, तारादेही, समनापुर, पौड़ी, चंदना सागर, सारसबगली, खमतरा, शिवलाल खमरिया, सर्रा झमरा, कोटखेड़ा, बम्हौरी सहित दर्जनों गांव और सागर-नरसिंहपुर -भोपाल तक जाना होता है लेकिन पुलिया पर दोपहर तीन बजे तक पानी होने से पूरा मार्ग बंद हो गया।

कई राहगीरों को वापस अपने घर या फिर अन्य मार्गों से अपने स्थानों की और रवाना होना पड़ा वहीं पुल के आसपास पुलिस प्रशासन का कोई भी अधिकारी कर्मचारी नजर नहीं आया, जबकि बुधवार की रात झापन लकलका के कुड़ी नाले पर पानी होने के दौरान बस चालक द्वारा बस को निकालने का प्रयास किया गया था। इस दौरान यात्रियों की जान जोखिम में डाल दी थी जहां भी शासन प्रशासन का कोई भी अधिकारी कर्मचारी मौजूद नहीं था।

## जहरीले जंतु के काटने से किशोरी की मौत

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया के आश्रित ग्राम नन्ही देवरी में शुक्रवार की रात घर में सो रही 7 वर्षीय किशोरी को जहरीले जंतु के काट लेने का घटनाक्रम सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी तनु पिता उत्तम गौड़ उम्र 7 वर्ष को घर में सोते समय जहरीले जंतु जे काट लिया जब बच्ची ने आवाज दी तो परिजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे लेकिन रास्ते में किशोरी की मौत हो गई घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# नदी पर नहाने गई महिला को खींच ले गया मगरमच्छ



**दमोह, देशबन्धु।** जिले के नोहटा थाना के कनिया घाट पटी गांव से निकली व्यारमा नदी में शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। नदी पर अपनी साथी महिलाओं के साथ नहाने गई एक महिला को मगरमच्छ ने खींच लिया और नदी के पानी में ले गया। ग्रामीणों ने तत्काल पीछा किया तो करीब एक घंटे बाद महिला का शव नदी के दूसरे घाट पर मिल गया। शव बाहर निकालने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अभाना में जाम लगा दिया। जिसे प्रशासन ने खुलवाया और उचित मुआवजे के साथ मगरमच्छ को पकड़ने की बात कही गई। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### एक घंटे बाद मिला शव, ग्रामीणों ने सड़क पर शव रख कर किया प्रदर्शन, लगाया जाम

मालतीबाई पति मेघराज सिंह नदी में नहाने गई थी। तभी अचानक मगरमच्छ ने उस पर हमला बोल दिया और उसके पैर को दबोच कर उसे अपने साथ खींच कर गहरे पानी में ले गया। इस दौरान ग्रामीणों ने महिला को ले जाते मगरमच्छ का वीडियो भी बनाया और पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। इसके बाद वन विभाग की टीम और एसडीआरएफ की टीम गांव पहुंची और महिला को खोजने का प्रयास किया। ग्रामीण लगातार मगरमच्छ का पीछा कर रहे थे। करीब एक घंटे बाद नदी के दूसरे छोर पर महिला का शव झाड़ियों में फंसा मिला।

महिला की मौत की खबर सुनने के बाद पूरा गांव नदी किनारे एकत्रित हो गया। लोग दुखी और दहशत में हैं। हालांकि वन विभाग द्वारा कई चिन्हित स्थानों पर नदी के किनारे मगरमच्छ के होने की चेतावनी के बोर्ड लगाए गए हैं। मुनादी भी कराई जाती है। रात के समय या अकेले में नदी किनारे न जाएं। बीते दो वर्ष से दमोह जिले में मगरमच्छ के हमले की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसका प्रमुख कारण है नदियों में मगरमच्छों की संख्या बढ़ना, जो कई बार नदी से निकलकर गांव तक पहुंच जाते हैं।

पिछले साल इसी गांव के नजदीक हटरी गांव में अपने पिता के साथ नहा रहे एक आठ साल के बालक को मगरमच्छ पानी में खींच ले गया था। जिसका अगले दिन शव मिला था। मगरमच्छ के हमले में महिला की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने अभाना गांव में सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिस कारण दमोह जबलपुर हाईवे पर जाम लग गया।

नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, थाना प्रभारी अभिषेक पटेल, उपवन मंडल अधिकारी एमडी मानिकपुरी, रेंजर विक्रम चौधरी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइश दी। अधिकारियों ने उचित मुआवजे का आश्वासन दिया। व्यारमा नदी में मौजूद मगरमच्छ का भी रेस्क्यू कर उसे बाहर निकालने की बात कही। तब परिजन माने और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

## सार-समाचार

### वादे के मुताबिक छात्राओं को बांटी साइकिल, मंत्री और छात्रा का रोचक वीडियो वायरल



**बटियागढ़, देशबन्धु।** पथरिया से विधायक और प्रदेश के पशुपालन मंत्री लखन पटेल और एक छात्रा के बीच साइकिल और सड़क की बातचीत का एक वीडियो नवम्बर 2024 में जमकर वायरल हुआ था, तब से मंत्री स्कूली छात्र छात्राओं को साइकिल बांटने में सबसे आगे नजर आते हैं। मंत्री लखन पटेल ने पथरिया विधानसभा के बोतराई गांव के शासकीय हाई स्कूल के कार्यक्रम में शिरकत कर सैकड़ों साइकिलों का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सरकार के कामों की प्रशंसा करते हुए बच्चों के साथ खूब फोटो खींचाई और खुशी जाहिर की। लखन पटेल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पशुपालन में डेयरीविभाग मध्य प्रदेश शासन, लोकेंद्र सिंह, महेश पटेल, कोमल कुशवाहा, रणधीर सिंह एवं पार्टी के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

### 131 साल पुराना गरु पूर्णिमा संगीत समारोह, अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने की शिरकत



**बटियागढ़, देशबन्धु।** जिले के बटियागढ़ तहसील क्षेत्र के छोटे से गांव बकायन में मृदंगाचार्य पंडित नाना साहब पानसे की याद में एक सौ इकतीस साल से मनाया जा रहा। गुरूपूर्णिमा दो दिवसीय संगीत समारोह का शुभारम्भ। पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने किया। देश के नामचीन शास्त्रीय संगीत और नृत्य के कलाकारों की प्रस्तुति खास रही। गांव के अनवरत इस अनूठे संगीत समारोह में ग्रामीण दर्शकों की रुचि काबिले तारीफ है।यह देश का सबसे प्राचीन शास्त्रीय संगीत समारोह है जो बकायन जैसे छोटे से गाँव मे सन् 1894 से आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न कोनो के कलाकार शास्त्रीय संगीत और अन्य विधाओं की प्रस्तुतियां देते हैं। कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से कलाकार, राज्य मंत्री लखन पटेल, बटियागढ़ थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी, तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी, बकायन सरपंच, मौठा सरपंच सहित प्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन, संगीतप्रेमी मौजूद रहे।

### आजाद भारत पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**पथरिया, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को प्रदेश के शासकीय कार्यालयों की भर्राशाही से अवगत कराते हुए आजाद भारत पार्टी ने एसडीएम पथरिया के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। यह 10 बिंदु ज्ञापन रामरतन यादव राष्ट्रीय संयोजक की अध्यक्षता में दिया गया जिसमें प्रदेश भर में स्मार्ट रीडर मीटर लगने से गरीबों पर जो मनमाने बिलों की मार पड़ रही है। उसके सम्बन्ध में साथ ही निजी अस्पतालों में अस्पताल संचालक द्वारा जो अवैध लूटा मारी होती है एवं आवारा पशुओं के लिए गौशाला, तेज रफ्तार वाहन पर पुलिस की पकड़, सरकारी कार्यालयों की खस्ता हालत में पड़ी बिल्डिंगों की मरम्मत, प्राइवेट स्कूल की मनमानी फीसों पर आपत्ति जताते सरकारी ठेकों में हो रही कमीशन खोरी को लेकर और भी कई अहम बिंदुओं पर अपनी बात रखी। ज्ञापन देने वालो में शामिल आजाद भारत पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सरला पंडित, पार्टी प्रवक्ता धीरज अहिरवार, चुनाव संचालन समिति अध्यक्ष धर्मसींग एडवोकेट, अध्यक्ष कार्य समिति छोटेलाल अहिरवार, बृजेश पांडे, अध्यक्ष लखनलाल पाली इत्यादि की उपस्थिति रही।

### घी गुणवत्ता सर्वे अभियान में लिए नमूने

**दमोह, देशबन्धु।** कलेक्टर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत एफएसएसएआई के राष्ट्रव्यापी घी गुणवत्ता जांच सर्वे अभियान के तहत बाजार में उपलब्ध पैक्ड घी एवं लूज घी की गुणवत्ता जांच हेतु खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर में फूड रिटेल स्टोर्स एवं मिष्ठान भंडार का औचक निरीक्षण किया। इसके तहत घी में फैटी एसिड प्रोफाइल एवं बीटा साइटोस्टेरॉल की उपस्थिति की जांच की जाएगी। देशव्यापी घी विशेष जांच अभियान के तहत दमोह शहर में किल्लाई नाका सोफिया स्कूल के पास स्थित माही डिलाइट रिटेल फूड स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त परिसर में संग्रहित कंपनी पैक्ड गिट्स ब्रांड गाय का घी के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी तरह किल्लाई नाका स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार से लूज घी के नमूने जांच हेतु लिए गए।

# सीवर लाइन की समस्या को लेकर बैठक

**डिंडोरी, देशबन्धु।** मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन अनुराग जैन के निर्देशन में नगरीय क्षेत्रों में सीवर लाइन की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक अधिवक्ता सम्यक जैन के दफ्तर में आयोजित की गई। इस बैठक में भोपाल और दिल्ली से पधारे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और समस्या के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए ठोस कदम उठाने पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक में सीवर लाइनों के जाम होने, ओवरफ्लो, अनुचित पाइप और जलभराव जैसी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जो स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं।बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवर लाइनों की सफाई, मरम्मत और आवश्यक उन्नयन का कार्य तत्काल शुरू किया जाए। इसके अतिरिक्त, निर्माण कार्यों के दौरान होने वाली अव्यवस्था, जैसे सड़कों की खुदाई और जल आपूर्ति में व्यवधान, को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया।

बैठक में नगरीय क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 01 से 15 तक वार्डवार प्राथमिकता के आधार पर कार्य योजना तैयार कर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया, जिससे आम नागरिकों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीवर लाइन की समस्या के स्थायी समाधान के लिए समयबद्ध ढंग से कार्यवाही की जाए और इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल से डॉ. उदय रोमन, प्रोजेक्ट डायरेक्टर अभय जैन, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार से प्रेम सिंह, तुषार विनायक चौधरी, उपयंत्री सोमेश तथा ठेका कंपनी के मालिक उपस्थित रहे।

## एसपी ने किया ग्रामीणों से संवाद

**डिंडोरी, देशबन्धु।** एसपी वाहिनी सिंह ने शहपुरा थाना परिसर में गुरुवार को ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था और यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। स्थानीय निवासी रघुनंदन पांडेय ने नगर में नाबालिग बच्चों द्वारा तेज गति से बाइक चलाने की समस्या उठाई। ग्रामीणों ने बिछिया, मानिकपुर, रैपुरा, बरगांव, कोहानी देवरी सहित अन्य क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री की शिकायत की। एसपी ने माता-पिता से आग्रह किया कि वे नाबालिगों को बाइक न चलाने दें।



उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों की सूचना थाने या एसपी कार्यालय में दी जा सकती है। एसपी ने महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की बात कही। पुलिस स्कूल टाइम में और कॉलेज टाइम में पेट्रोलिंग करे। महिलांए घरेलू हिंसा और बच्चियां अपनी समस्या बेझिझक संबंधित थाना प्रभारी या फिर मुझे फोन पर बता सकती है।आपका नाम गोपनीय रखा जाएगा और विधि अनुसार संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बेटियां बेझिझक स्कूल, कॉलेज पढ़ने जाए। थाना प्रभारी महिला संबंधित शिकायतों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों को जल्द ही ड्रेस और आईकार्ड दिए जाएंगे। कार्यक्रम में एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, एसडीओपी मुकेश अविंद्रा और थाना प्रभारी अनुराग जामदार उपस्थित रहे।

# शॉल-श्रीफल भेंटकर शिक्षकों को किया सम्मानित



**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** गुरुवार को नगर में गुरु पुर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा उत्साह और आध्यात्मिक भावनाओं के साथ मनाया गया नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस बीच नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नामदेव सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी मंडल अध्यक्ष सत्तकुमार पाल की मौजूदगी में नगर परिषद कार्यालय में शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां नगर के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों का शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

अध्यक्ष सुरेश जैन ने कहा हमारे बच्चों और हमें गुरु नैतिक और मानसिक रूप से भी हमें विकसित करते हैं और वे हमें सही और गलत का भेद बताते हैं साथ ही हमें अच्छे और बुरे के बीच अंतर करना सिखाते हैं। सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा हमें याद दिलाता है कि गुरु के बिना हमारा जीवन हमेशा अधूरा रहता है। उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नामदेव ने कहा कि जीवन में जिससे भी कुछ सीखने को मिले वहीं गुरु है। पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव ने कहा गुरु भगवान से भी ऊंचा स्थान रखते हैं। अध्यक्ष प्रतिनिधि सतेन्द्र जैन कहा कि अज्ञान को मिटाकर ज्ञान की ओर ले जाने वाला ही गुरु होता है। इस कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन ने समस्त शिक्षकों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाने जागरूक किया।

## हाईस्कूल पौड़ी मानगढ़ में पौधरोपण

**जबेरा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत जबेरा के शासकीय एकीकृत हाई स्कूल पौड़ी मानगढ़ में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्यालय प्राचार्य रामकिंकर शर्मा के मार्गदर्शन में इको क्लब द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती जी का पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा गुरुओं के सम्मान में बहुत ही सुन्दर गीत कविता एवं भाषण के माध्यम से शानदार प्रस्तुतियां दी गई।

इको क्लब के तत्वावधान में एवं विद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। जिसमें प्राचार्य रामकिंकर शर्मा सहित सभी ने पौधरोपण का महत्व बताया।



# ग्राम पंचायत माला में सामुदायिक बैठक

**जबेरा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत माला में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा द अंतरा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान एवं ग्राम की सरपंच कुमारी सुरभि राय की अध्यक्षता में पीएलए बैठकों के अंतर्गत सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया।

### बालिकाओं ने किया नाट्य मंचन



कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम की सरपंच एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सुरभि राय द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया। बैठक में स्वास्थ्य ओर पोषण जैसे अहम विषयों पर गांव की महिलाओं ओर पुरुषों ने मिलकर चर्चा की।

कार्यक्रम के पूर्व सभी ग्रामवासियों ने बेहतर तैयारी की एवं ग्राम की महिलाओं ओर किशोरियों ने मंच पर बेहतर प्रस्तुतीकरण दिया। ग्राम की महिलाओं का घूंघट में मंच पर प्रस्तुतीकरण यह दिखाता है कि अब गांव की महिलाएं पूर्ण सशक्तिकरण की ओर है और स्वास्थ्य ओर पोषण के मुद्दों पर सक्रिय रूप से भाग लेकर स्वास्थ्य के श्रेत्र में अपना योगदान दे रही हैं।

महिलाओं, किशोरियों और पुरुषों ने मिलकर बैठक को सफल बनाया और दिखाया कि गांव अब स्वास्थ्य संबंधी बदलावों के लिए खुद आगे आ रहा हैं। बैठक में किशोरी बालिकाओं ने एक प्रेरक नाटक भी प्रस्तुत किया जिसे लोगों ने जमकर सराहा।

बैठक में पिछले सात महीनों के दौरान आयोजित पीएलए बैठकों की प्रमुख जानकारियों और सीख को साझा किया गया। इस दौरान विशेष रूप से ग्राम की महिलाओं ने स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित अनुभवों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया जो यह दर्शाता है कि गांव की महिलाएं अब बेहतर स्वास्थ्य और पोषण की दिशा में नेतृत्व कर रही हैं।

बैठक में आशा कार्यकर्ता वैजन्ती राठौर, वंदना आदिवासी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रूकमन राजपूत, शाहजहां बैगम, सहायिका रेखा सेन, मीरा गौड़ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन संतोष गौर एवं कुमारी नंदिनी राठौड़ द्वारा किया गया।

## एमएलबी विद्यालय में छात्राओं को खिलाई आयरन की गोली

**दमोह, देशबन्धु।** शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमा विद्यालय दमोह में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत शाला के छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कक्षा 6 वीं से 12वीं तक की छात्राओं को आयरन टैबलेट सामुहिक रूप से खिलाई गई।

इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम शिवहरे मौजूद रहे। कार्यक्रम दौरान ही शाला प्रबंधन द्वारा तैयार किये गये शाला के लोगों का अनावरण श्याम शिवहरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत एक पेड मॉ के नाम के तहत कदंब के पौधे को शाला प्रांगण में रोपित किया गया।

कार्यक्रम दौरान शिवहरे ने बच्चों को नियमित रूप से हर मंगलवार को आयरन टैबलेट सेवन की सलाह देते हुए उनसे आग्रह किया कि टैबलेट सेवन के लिए परिवारजनों को भी प्रेरित करें। टैबलेट शारीरिक मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण टैबलेट सेवन से शरीर चुस्त रहेगा। बीमारियों से भी बचाव होगा। इस अवसर पर श्री शिवहरे ने छात्राओं को भविष्य का एक जागरूक व श्रेष्ठ नागरिक बनाने की दिशा में सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों का बोध कराते संदेशो का संकल्प दिलाया।